प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
10.11.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी द्वारा बाजार पर कुछ कम्पनियों के एकाधिकार को लेकर जताई गई चिंताओं का किया समर्थन।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा– स्किल इंडिया ने युवाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार की राह की आसान।
- देश में खरीफ फसलों की खरीद जारी– केंद्र सरकार ने अब तक की 120 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद।
- रामपुर में अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला कल से होगा शुरू– राज्यपाल करेंगे चार दिवसीय मेले का शुभारंभ।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा बाजार पर कुछ कंपनियों के एकाधिकार को लेकर जताई गई चिंताओं का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यह चिंता केवल आलोचना न होकर एक बड़े और आवश्यक परिवर्तन की मांग है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा हमेशा सभी नागरिकों को समान अवसर उपलब्ध करवाने, संसाधनों का समुचित वितरण सुनिश्चित करने और देश की आर्थिक संरचना में जनहित को सर्वोपरि रखने की रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने इस गंभीर मुद्दे को स्पष्ट और साहसिक रूप में देश के समक्ष रखा है जोकि हर नागरिक की चिंता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि बाजार में यदि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होगी तो कीमतें भी नियंत्रित रहेंगी और उपभोक्ताओं को भी बेहतर सेवाएं और उत्पाद मिलेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को इस संवेदनशील मुद्दे पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर देशहित में विचार करना चाहिए।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष अभियान के चौथे संस्करण की सराहना की है। विशेष अभियान के परिणामस्वरूप सरकारी खजाने को वर्ष 2021 के बाद से कचरा बेचने से दो हजार 3 सौ 64 करोड़ रूपए के राजस्व समेत महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री ने एक पोस्ट में कहा कि अभियान की सफलता दर्शाती है कि सामूहिक प्रयासों से ठोस परिणाम हासिल किए जा सकते हैं और स्वच्छता सहित आर्थिक लाभ को प्रोत्साहन दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुशल प्रबंधन और सक्रिय प्रयासों के अच्छे परिणाम प्राप्ते हुए हैं।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला जिला में जुब्बल क्षेत्र के शुराचली में आज करीब 4 करोड़ रुपए की तीन महत्वपूर्ण जल परियोजनाओं के उद्घाटन किए। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि यह परियोजनाएं

स्थानीय कृषि व बागवानी के लिए सहायक सिद्ध होंगी। रोहित ठाकुर ने कहा कि पब्बर नदी से आने वाले समय में एक बड़ी उठाऊ पेयजल योजना का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे जुब्बल और कोटखाई की 28 पंचायतों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को मई 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्किल इंडिया की शुरूआत कर युवाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार की राह आसान की है। वे आज मंडी में जन शिक्षण संस्थान के कौशल दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। जयराम ठाकुर ने कहा कि भारत सरकार के कौशल विकास व उद्यमिता मंत्रालय के तहत चल रहे इस संस्थान से प्रशिक्षण हासिल कर कई युवा रोजगार व स्वरोजगार से जुड़ने में सफल हुए हैं।

——बाईट——जयराम ठाकुर

समारोह में उन्होंने प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। प्रदेश कांग्रेस सरकार को घेरते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार अपनी प्राथमिकताओं को पीछे छोड़ बेवजह के मामलों में उलझी हुई है और इससे नेतृत्व की कमी देखी जा रही है।

भाजपा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने झूठ बोलने के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के चुनावों में मुख्यमंत्री ने जोर—शोर यह घोषणा की है कि सरकार ने हिमाचल प्रदेश की 18 साल से उपर की बहन—बेटियों को 15 सौ रुपये मासिक की आर्थिक सहायता दे दी है लेकिन सच्चाई यह है कि 2 साल बीतने के बाद भी इस घोषणा को पूरा नहीं किया गया है। राजीव बिंदल ने कहा कि प्रदेश सरकार नौकरियां देने की बात भी कर रही है जबकि 2 वर्षों से प्रदेश के बेरोजगार त्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार 28 हजार करोड़ रुपये का कर्ज ले चुकी है और रोजगार व विकास के नाम पर जनता को कोई राहत नहीं मिली है।

खरीफ फसल

देश में बड़े पैमाने पर खरीफ फसलों की खरीद सुचारू रूप से जारी है। केन्द्र सरकार ने वर्तमान विपणन सत्र में शुक्रवार तक एक सौ 20 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद की है। धान खरीद से पंजाब में 6 लाख 58 हज़ार किसानों को लाभ मिला है। उन्हें 27 हज़ार 9 सौ 95 करोड़ रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य—एमएसपी का भुगतान किया गया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बताया कि ग्रेड ‘ए’ धान को तय एम.एस.पी. दो हजार 3 सौ 20 रुपये प्रति क्विंटल पर ही खरीदा जा रहा है। पंजाब सरकार ने 4 हज़ार 7 सौ 43 मिलों को धान की छिलाई का काम आवंटित किया है, जिसके लिए कुल चार हज़ार 8 सौ 39 धान मिलों ने आवेदन किया है। केंद्र सरकार ने चालू खरीफ सीजन के लिए धान खरीद का अनुमानित लक्ष्य एक सौ 85 लाख मीट्रिक टन निर्धारित किया है।

लवी मेला

शिमला ज़िले के रामपुर में अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला कल 11 नवम्बर से शुरू होने जा रहा है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मेले का शुभारम्भ करेंगे। मेले के दौरान सांस्कृतिक संध्याएं, खेलकूद प्रतियोगिताएं और विभिन्न विभागों की विकासात्मक प्रदर्शनियां आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू 14 नवम्बर को लवी मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इस दौरान लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और स्थानीय विधायक नंदलाल भी मौजूद रहेंगे। प्रशासन ने लवी मेले को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बीच, सिरमौर ज़िले में अंतर्राष्ट्रीय श्री रेणुका जी मेला भी कल से शुरू होने जा रहा है।

अश्व प्रदर्शनी

इस बीच अंतर्राष्ट्रीय लवी मेले के उपलक्ष्य में लगाई गई चामुर्थी नस्ल के घोड़ों की प्रदर्शनी विशेष आर्कषण का केंद्र बनी हुई है। चामुर्थी नस्ल का घोड़ा सवारी और भार को पहाड़ों पर सुरक्षित ले जाने के साथ–साथ हर तरह के विकट मौसम को सहन करने की क्षमता रखता है। पूरे देश में केवल लाहौल स्पीति की पिन घाटी में ही करीब दो हजार की संख्या में इस नस्ल के घोड़े बचे हैं। सीमांत क्षेत्रों में सेना भी इन घोड़ों की सेवाएं लेती हैं।

चामुर्थी नस्ल के घोड़ों में माइनस डिग्री तापमान में रहने सहित अधिक दिनों तक भूखे रहने की भी क्षमता होती है। इन घोड़ों को कम चारे में भी आसानी से पाला जा सकता है।

बयान

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल और राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने भाजपा नेताओं पर हिमाचल को लेकर लगाए जा रहे आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद करार दिया है। एक संयुक्त बयान में उन्होंने कहा कि जब से भाजपा केंद्र में सत्ता में आई है तभी से राज्यों में एक–एक करके लोकतंत्र को कमजोर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इन नेताओं ने कहा कि 22 माह के कार्यकाल में प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है।

रेडक्रॉस

चम्बा जिले के डलहौजी में आज उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस मेले का आयोजन किया गया। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस की सेवाएं बदलते समय के साथ व्यापक हो गई हैं और ये संगठन दुनियाभर में आपदाओं और कठिन समय में मानवता की सेवा के लिए उदाहरण बन चुका है। उपायुक्त ने लोगों से जरूरतमंदों की मदद के लिए रेडक्रॉस में अधिक से अधिक सहयोग की अपील की।

निधन

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रसिद्ध वादक मुसाफिर राम भारद्वाज के निधन पर दुःख जताया है। मुसाफिर राम भारद्वाज चंबा जिला में भरमौर उपमंडल के संचूई गांव के निवासी थे और उन्हें वर्ष 2014 में भारत के नागरिक पुरस्कारों में चौथे सर्वोच्च पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुसाफिर राम भारद्वाज पारंपरिक वाद्य यंत्र 'पौण माता' में पारंगत थे। उन्होंने कहा कि कला विशेषकर पारंपरिक संगीत और प्रदेश की संस्कृति में उनके योगदान को याद रखा जाएगा।

मुख्य समाचार एक बार फिर'

- मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी द्वारा बाजार पर कुछ कम्पनियों के एकाधिकार को लेकर जताई गई चिंताओं का किया समर्थन।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा– स्किल इंडिया ने युवाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार की राह की आसान।
- देश में खरीफ फसलों की खरीद जारी– केंद्र सरकार ने अब तक की 120 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद।
- रामपुर में अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला कल से होगा शुरू– राज्यपाल करेंगे चार दिवसीय मेले का शुभारंभ।